# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत उन्नीसवीं किस्त जारी किया। इसके तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिये देश भर के नौ करोड़ अस्सी लाख किसानों को फायदा होगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर सभी किसानों को बधाई भी दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग तीन लाख पचास हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल देश के किसानों को सम्मान, समृद्धि और नई ताकत दे रही है।

**********

विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुयी चर्चा के बाद आज सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आये सकारात्मक बदलाव, विकास, जन कल्याण और सुशासन पर अपनी बात रखी।

***सुशासन की पहली शर्त है कानून का राज सरकार की कार्य पद्धति टेक्नोलॉलाजी का उपयोग पारदर्शी का व्यवस्था पुलिस आधुनिकी का पुलिस रिफॉर्म इन जैसे मुदो पर जो स्वतन्त्र मॉनिटरिंग के जो कार्य है आज उसके परिणाम हम सब के सामने है।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ अब अन्तिम दौर में है। छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन यहां अन्तिम स्नान पर्व मनाया जायेगा। इस बीच, महाकुंभ में श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड संख्या में आने का क्रम बना हुआ है। आज शाम चार बजे तक एक करोड़ पांच लाख से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर चुके थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा गोपीनाथ मुंडे, नार्वे के पूर्व मंत्री एरिक सोलहैम और फिल्म जगत के कई सितारों ने आज महाकुंभ में स्नान कर आध्यात्मिकता का अनुभव किया।

**********

देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष पर्व महाशिवरात्रि छब्बीस फरवरी को मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि को लेकर वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष तैयारी की गयी है। वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में इस बार महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागा साधुओं के आने का अनुमान है। सभी लोगों को दर्शन–पूजन में कोई समस्या न हो इसके लिये सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

***शिवरात्री को लेके हमारी सारी तैयारीयां हुई है जैसे के महाकुंभ के दृष्टिगत यहा भीड़ नियंत्रण के लिए जो बैरीकेटींन की व्यवस्था कि गयी है वो यथावत चलेगा इसके अतिरिक्त उस दिन जो विभिन्न अखाड़ो की जुलूस भी होगी। उसको ध्यान मे रखते हुए उसमे गोदवलीया से जो गेट नम्बर चार तक का जो आवागमन है वो नही रहेगी बल्की गोदवलीया से लाइन ललिता धाट से पीछे जायेगी।***

प्रयागराज महाकुंभ के पलट प्रवाह को देखते हुए वाराणसी में शिव बारात इस बार महाशिवरात्रि के एक दिन बाद सत्ताइस फरवरी को निकाली जायेगी।

**********

काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के तहत स्टार्ट अप, इनोवेशन और रिसर्च दल ने आज वाराणसी के हनुमान घाट पर गंगा स्नान किया। यह दल घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन पूजन के साथ ही सुब्रमण्यम भारती के घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से भी मिला। इसके बाद यह दल कांची मठ पहुंचा और वहां के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। वाराणसी में आज ही काशी तमिल संगमम का समापन भी हो रहा है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद– यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षायें आज से शुरू हो गयीं। इस बार आठ हजार से अधिक परीक्षा केन्द्रों पर चौवन लाख से ज्यादा परीक्षार्थी हाइस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे हैं। पहले दिन दोनों पालियों में हिन्दी के पेपर हुए। संतकबीरनगर जिले में एक सौ तेरह, अयोध्या में एक सौ नौ और जौनपुर में दो सौ अट्ठारह केन्द्रों पर परीक्षा हुयी। परीक्षा को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम के साथ ही राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केन्द्रों की निगरानी की जा रही है। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने आज लखनऊ में बने राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम से परीक्षा का जायजा लिया। प्रदेश के सभी जिलों में नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिये वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर आगामी अट्ठाइस फरवरी और एक मार्च को गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार कल से सत्ताईस फरवरी तक और इसके बाद दो मार्च को मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही कल से लेकर दो मार्च तक देर रात और सुबह के समय पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं हल्के कोहरे की भी संभावना है।

**********